

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

जहीर इकबाल संग अंबानी फंक्शन में पहुंची सोनाक्षी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 113 ■ मंगलवार, 16 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# शहाड पुल पर ट्रैफिक जाम से वाहन चालक त्रस्त



■ ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की अपील की

**उल्हासनगर.** रविवार को अपनी छुट्टियों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग मालशेज, भीमाशंकर आदि स्थानों पर जाते हैं। इसके अलावा, इन फ्लाईओवरों पर बड़ी संख्या में गड्ढे होने के कारण इस शहाड फ्लाईओवर पर यातायात की काफी भीड़ रहती है। इसलिए, उल्हासनगर यातायात पुलिस ने नागरिकों और वाहन चालकों से वैकल्पिक सड़कों का उपयोग करने की अपील की है।

मानसून शुरू हो चुका है और लोग शनिवार और रविवार की छुट्टियों में प्रकृति का आनंद लेने के लिए मालशेज घाट, पुणे और भीमाशंकर जैसी जगहों पर जाते हैं। लेकिन रविवार को जब घूमने निकले लोग वापस आये. उस समय उल्हासनगर के शहाड ब्रिज के पास शाम को भारी ट्रैफिक जाम लग गया. इसके चलते वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ रहा है।

वाहन चालकों को कल्याण पहुंचने के लिए वैकल्पिक सड़क के रूप में गोवेली-टिटवाला-आंबिवली-कल्याण सड़क का उपयोग करना चाहिए। अंबरनाथ तक पहुंचने के लिए रायता पुल के माध्यम से तीन जदिहूं अंबरनाथ सड़क का उपयोग करना चाहिए और बदलापुर तक पहुंचने के लिए रायता से दहागांव मंजरली तक बदलापुर सड़क का उपयोग करना चाहिए। उल्हासनगर यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे ने अपील की है कि शहाड ब्रिज पर ट्रैफिक जाम नहीं होगा और घर जाने में देरी नहीं होगी.

## शहाड रेलवे स्टेशन से रोड गायब

उल्हासनगर -1 स्थित सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन शहाड के सामने वाली सड़क पूरी तरह गायब हो चुकी है। यहां पर सड़क है ही नहीं यहां पर गड्ढों का साम्राज्य पसरा हुआ है। यह खस्ता हालत सड़क स्टेशन से लेकर शहाड ब्रिज कल्याण की ओर जाने वाली सड़क तक की यही हालत है। ट्रैफिक पुलिस भी परेशान नजर आती है क्योंकि वाहन चालकों आए दिन दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। जिसमें खासकर महिलाओं का समावेश है। इस लावारिस सड़क को देखने कोई नेता नहीं आया जबकि मुंबई यहां से सभी नेता जाते हैं।

# आचार संहिता से पहले पूरा करें 938 करोड़ के विकास कार्य

■ पालकमंत्री शंभुराज देसाई ने दिए निर्देश



**ठाणे.** राज्य सरकार ने जिले के विकास के लिए 938 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और पिछले साल की तुलना में इस साल ठाणे जिले को 225 करोड़ रुपये की अधिक धनराशि मिली है. पुणे के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे जिले को सबसे अधिक धनराशि मिली है, जहां के वित्त मंत्री अजीत पवार राज्य के पालक मंत्री हैं। स्वीकृत धनराशि का 30 प्रतिशत प्राप्त हो चुका है और राज्य के उत्पाद शुल्क मंत्री और पालक मंत्री शंभूराज देसाई ने सभी संबंधितों को विधानसभा चुनाव की आचार संहिता से तुरंत पहले विकास कार्यों को मंजूरी देने का निर्देश दिया है। शनिवार को यहां नियोजन भवन में देसाई की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति (डीपीसी) की बैठक हुई। उस समय उन्होंने डीपीसी के फंड के खर्च और डेंगरी डिवीजन के फंड के खर्च की समीक्षा की. इस मौके पर निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण ने चर्चा में हिस्सा लिया. उन्होंने जिला प्रशासन को संभावित आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आठ दिनों के भीतर जिले में विकास कार्यों को मंजूरी देने का आदेश दिया.

■ **ठेकेदारों के खर्च पर गड्ढे भरे जाएंगे**

सैकड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी जिले की सड़कों पर गड्ढे हैं। इसके बाद संबंधित ठेकेदार की जेब से सड़कों के गड्ढे भरे जाएंगे। इसलिए कोई भी घटिया गुणवत्ता का कार्य नहीं होगा। उन्होंने संबंधित नगर पालिकाओं को शहर में गड्ढे भरने के निर्देश दिये। उन्होंने राजमार्गों पर सड़क का काम कर रहे एमएमआरडीए, एमएसआरडीसी आदि की भी आलोचना की।

■ **100 एंबुलेंस पड़ी हुई हैं**

बैठक में विधायक किसन कठरे ने कहा कि मुरबाड तालुका के मसगांव में लगभग 100 नई एम्बुलेंस पड़ी हैं। इन्हें तुरंत सेवा में लाना जरूरी है. देसाई ने सुझाव दिया कि सभी एम्बुलेंस में जीपीएस लगाया जाना चाहिए।

# मनपा आयुक्त ने किया विकास केंद्र का उद्घाटन



**उल्हासनगर.** महानगरपालिका ने कैंप नंबर -4, संभाजी चौक में समाज मंदिर में एक नागरिक विकास केंद्र स्थापित किया है और केंद्र का उद्घाटन आयुक्त अजीज शेख ने किया। स्वास्थ्य केंद्र खुलने से क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक इस स्वास्थ्य केंद्र से लाभान्वित हो सकेंगे।

उल्हासनगर मनपा ने रीजेंसी अंटालिया में स्थापित 200 बिस्तरों वाले अस्पताल का निजीकरण कर दिया। उसके बाद, मनपा ने शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के नाम पर एक स्वास्थ्य केंद्र शुरू किया और प्रत्येक वार्ड समिति क्षेत्र में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। मनपा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-5 और राज्य सरकार के 15वें वित्त आयोग के तहत कैंप नंबर 4 स्थित संभाजी चौक में आयुष्मान शहरी स्वास्थ्य सुधार केंद्र और दुर्गापाड़ा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-10 की शुरुआत सोमवार से की गई।

सोमवार दोपहर कमिश्नर अजीज शेख ने सेंटर का उद्घाटन किया। इस समय उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, वैद्यकीय अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, सिटी प्रोग्राम मैनेजर डॉ. विद्या चव्हाण, दिनेश सरोदे सहित नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सभी चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

नागरिकों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-नागरी आरोग्य वर्धिनी केंद्र के साथ-साथ मनपा सीमा के भीतर शुरू किए गए नागरिक प्राथमिक आरोग्य केंद्र-10 के माध्यम से मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा जांच, निःशुल्क दवा उपलब्ध है तथा आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ एवं रेफरल सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। आयुक्त शेख ने शासन की इस योजना का नागरिकों से लाभ लेने की अपील की है.

## युवतियों को वेश्यावृत्ति में धकेलने वाली महिला गिरफ्तार

**कल्याण.** 20 से 30 साल की उम्र की युवा महिलाओं को विभिन्न स्थानों पर काम करने का लालच देकर दूसरे शहरों से कल्याण लाकर उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेलने और इसके जरिए पैसे कमाने वाली एक महिला को खड़कपाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

आरोपी महिला की पहचान अनामिका राजू छत्री (22, निवासी मातोश्री बिल्डिंग, वर्सोवा मंदिर के सामने, अंधेरी) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से असम के गुवाहाटी क्षेत्र की रहने वाली हैं। महिला को कल्याण पश्चिम के होटल गुरुदेव एनेक्सी इलाके से गिरफ्तार किया गया है. खड़कपाड़ा पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला युवतियों को बहला-फुसलाकर वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल रही है और पीड़ित युवतियों को धोखा देकर पैसे कमा रही है।

# उल्हासनगर-अंबरनाथ शिवसेना कार्यकारिणी बर्खास्त

■ 18 को अंबरनाथ में और 19 जुलाई को उल्हासनगर के इच्छुकों के साक्षात्कार

यूसुफ शेख






**सांसद शिंदे की उपस्थिति में लिए जाएंगे साक्षात्कार**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और उल्हासनगर शहर की शिवसेना शिंदे गट की कार्यकारिणी यानी सभी पदाधिकारियों का पद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर बरखास्त कर दी गई है. शिवसेना जिला प्रमुख कल्याण गोपाल लांडगे ने ऐसी घोषणा की है. शिवसेना महिला आघाड़ी के पदाधिकारी भी बरखास्त किए गए हैं. अंबरनाथ शहर में गुरुवार 18 जुलाई को शाम 5 बजे सांसद श्रीकांत शिंदे के चुनाव कार्यालय पनवलेकर प्लाजा शहर पूर्व में सांसद शिंदे की उपस्थिति में साक्षात्कार लिए जाएंगे. ये जानकारी नहीं मिल सकी है कि क्या उसी दिन नए अध्यक्ष के नाम की भी घोषणा की जाएगी.

विदित हो कि अंबरनाथ शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर हैं, तो उल्हासनगर में राजेंद्र भुल्लर और रमेश चव्हाण हैं. अंबरनाथ में शहर पूर्व और पश्चिम के लिए अलग-अलग शहर प्रमुख की घोषणा किए जाने की संभावना है. शहर पूर्व के सुनिल चौधरी, सुभाष सालुंखे को पूर्व का प्रमुख बनाए जाने की संभावना है, तो शहर पश्चिम से प्रदीप पाटिल, विकास हेमराज और अरविंद वालेकर के नामों की चर्चा है. 18 जुलाई को साक्षात्कार देने के लिए आने वाले नेता या शहर प्रमुख के उम्मीदवार अपने-अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहने की संभावना है. साक्षात्कार के बाद जल्द ही शहर पूर्व और शहर पश्चिम शहर प्रमुख की घोषणा की संभावना है. क्योंकि अक्टूबर 24 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, जिसके लिए सितंबर में आचार संहिता की घोषणा हो सकती है.

**उल्हासनगर में 19 जुलाई को साक्षात्कार**




उल्हासनगर में शुक्रवार 19 जुलाई की शाम में 5 बजे गुरुद्वारा सी ब्लॉक उल्हासनगर-3 में साक्षात्कार लिए जाएंगे. इस मुख्य कार्यकारिणी में महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर-महाराज, रमेश चव्हाण समेत उपनगर प्रमुख, संगठक और विभाग प्रमुख के सभी पदों को बर्खास्त कर दिया गया है. इस संबंध में पूर्व शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर-महाराज ने कहा कि हमने लोकसभा में ईमानदारी से काम किया है. इस बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि हमारा परिवार हमेशा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, खासदार डॉ. श्रीकांत शिंदे, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे के साथ है.

वहीं दूसरी तरफ युवा सेना को कल्याण जिला युवा सेना उपजिला अध्यक्ष युवराज पाटिल, कल्याण जिला सचिव विक्की भुल्लर, उल्हासनगर युवा सेना (पश्चिम) शहर अध्यक्ष बाला श्रीखंडे, शहर अध्यक्ष (पूर्व) सुशील पवार को बरकरार रखा गया है.

# हिराघाट से डर्बी होटल की सड़क गायब

■ ऊंट की सवारी जैसी सड़क पर हो रही दुर्घटनाएं

■ प्रशासन नींद में, ठेकेदार मौज में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर की यूं तो सभी सीसी व डांबर की सड़कें पूरी तरह सत्यनाश हो गई है लेकिन कैम्प 3 स्थित हिराघाट से डर्बी होटल जाने वाली सड़क की हालत इतनी खस्ता हो गई है कि वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें ऊंट की सवारी की जरूरत ही नहीं है यहां के गड्ढे ही उन्हें इस तरह का अनुभव दे रहे हैं।



डर्बी होटल के बाहर भी बड़ा गड्ढा हो गया है जिससे दुपहिया वाहन चालक गिर रहे हैं और छोटा टेम्पो भी उसमें फंस रहा हैं।

मनपा प्रशासन द्वारा ठेकेदारों को करोड़ों रुपए देने के बावजूद यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इन खतरनाक सड़कों पर स्थायी रूप से भी मरम्मत नहीं हो रही है। यहां के गुजरने वाले नेताओं को तक शर्म नहीं आती कि जिस शहर पर वो राज कर रहे हैं उस शहर की हालत कितनी खस्ता हो चुकी है कि सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है। रिक्शा चालक, चार पहिया व दुपहिया वाहन चालकों रोजाना खतरे से खेलकर वाहन चला रहे हैं।

## अंबरनाथ में पिकनिक मनाने आए लोगों के 11 मोबाइल चोरी

■ डिकी में से 1 लाख 61 हजार के मोबाइल चोरी

**अंबरनाथ.** शहर पूर्व में जांभिवली, ठाकुरपाड़ा के छोटी नदी में नहाने एवं पिकनिक मनाने के लिए आए लोगों का किसी अज्ञात चोर ने बाइक की डिकी से 11 कीमती मोबाइल चोरी कर लिया है. जिसकी कीमत एक लाख 61 हजार रुपए बताई गई है. वर्तक नगर ठाणे से बाइक पर शहर पूर्व में जांभिवली, ठाकुर पाड़ा की छोटी नदी में नहाने के लिए रविवार को दोपहर में आए. वर्तक नगर निवासी उमेश मैत्री (38) ने शिवाजी नगर पुलिस में शिकायत पंजीकृत कराया है कि वह और उनका दोस्त नदी से थोड़ी दूरी पर बाइक खड़ी करके 11 मोबाइल डिकी में रखकर एवं कपड़े उतारकर बाइक के ऊपर रखकर नहाने के लिए गए. नहा कर सभी ने पार्टी भी की. पांच घंटे तक वह मौज करके रात 7.30 बजे वह वापस बाइक के पास आए तो देखा कि डिकी में रखे हुए उनके 11 मोबाइल अज्ञात चोर चोरी करके चला गया था. मोबाइल की कीमत एक लाख 65 हजार रुपए है.

विदित हो कि इससे पूर्व भी यहां पर बाइक सवारी करके नहाने के लिए आए कई लोगों की डिकी से मोबाइल चोरी हुए हैं. पुलिस अब तक चोर को पकड़ नहीं सकी है. इरफान शेख ने हमें बताया कि चार महीने पूर्व वह उनका दोस्त यहां पर बाइक की डिकी में मोबाइल रखकर नहाने गए थे. डिकी से उनका मोबाइल चोरी हो गया था. उन्होंने भी पुलिस में शिकायत की है. पुलिस को चाहिए कि वह इस चोर को जल्द पकड़े, ऐसा उनका कहना है.

# तड़ीपार गुंडे की पुलिस से झड़प



**उल्हासनगर.** तड़ीपार गुंडे को जैसे ही पुलिस ने गिरफ्तार किया तो गुंडे ने पुलिसकर्मी का कॉलर पकड़ लिया और उसके कपड़े फाड़ दिए. इस मामले में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में तड़ीपार गैंगस्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और घटना रविवार शाम 6.30 बजे आईडीआई कंपनी के पास हुई.

उल्हासनगर-1 इंदिरानगर, तेजुमल चक्की इलाके में रहने वाले एक गैंगस्टर सूरज उर्फ मोंटी अशोक सदानशिव को पुलिस द्वारा बृहन्मुंबई, मुंबई उपनगरों, पनवेल और ठाणे और रायगढ़ जिलों के कर्जत तालुका से तड़ीपार किया गया था। रविवार शाम 6:30 बजे पुलिस कांस्टेबल सिद्धार्थ गायकवाड़ को मोंटी आईडीआई कंपनी के सामने सूने मकान के पास देखा गया. कांस्टेबल ने गैंगस्टर मोंटी को पकड़ने की कोशिश की, तो फिर वह पुलिस कांस्टेबल गायकवाड़ को मारने के लिए दौड़ा और उसका कॉलर पकड़कर धक्का मुक्की करने लगा. गायकवाड़ की शर्ट का बटन टूटा गया और जेब फट गई. मोंटी को हिरासत में लिया गया.

## सांसद म्हात्रे की कपिल पाटिल को खुली चुनौती

**भिवंडी.** भिवंडी लोकसभा चुनाव के मैदान में सुरेश उर्फ बाल्या मामा म्हात्रे ने बीजेपी के कपिल पाटिल को खुली चुनौती देते हुए उन्हें हरा दिया और जीत हासिल की. अब पूर्व सांसद पाटिल ने बयान दिया है कि वह विधानसभा के लिए उम्मीदवारी मांगेंगे. इस पर सांसद बाल्या मामा ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा है कि अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें मुरबाड सीट से खड़ा होना चाहिए.

भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश उर्फ बाल्या मामा म्हात्रे सोमवार को कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निरीक्षण दौरे पर आए। इस बार सांसद म्हात्रे ने पूर्व सांसद पाटिल को खुली चुनौती दी है. पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल ने बदलापुर में बयान दिया था कि अगर लोग जिद करेंगे तो वह मुरबाड विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे, अगर कार्यकर्ता जिद करेंगे तो वह पार्टी से मुरबाड विधानसभा के लिए नामांकन मांगेंगे. अब भिवंडी सांसद सुरेश उर्फ बाल्या मामा म्हात्रे ने इस पर जवाब देकर पाटिल को चुनौती दी है।

# अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष पद पर नफीस शेख की नियुक्ति

■ अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस को ज्यादा मजबूत करने के लिए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जा रही हैं. अध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल और उनकी टीम ने रविवार को शहर पश्चिम में एक कार्यक्रम का आयोजन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए. अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद पर अंबरनाथ व्यापारी संघ के सचिव एवं पत्रकार यूसुफ शेख के पुत्र नफीस शेख को शहर उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है. अध्यक्ष कृष्णा पाटिल, सचिव रोहित प्रजापति एवं महिला प्रदेश सचिव अनिता प्रजापति जाधव आदि के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. अंबरनाथ महिला कांग्रेस अध्यक्ष सायरा पाशा सय्यद को बनाया गया है. मागासवर्गीय अनुसूचित जाति जमाति शहर अध्यक्ष शंकर धर्मा गायकवाड़ को नियुक्त किया गया है. सचिव विद्या वानखेडे, एनएसयूआई अध्यक्ष कु. अर्चना कु. माने को बनाया गया है. नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थितों ने बधाई देकर उन्हें शुभेच्छा दी.

विदित हो कि नवनियुक्त उपाध्यक्ष नफीस शेख, पूर्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस सेल के उपाध्यक्ष रह चुके हैं.

अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने उपस्थितों को बताया कि शहर में बिजली की बढ़ती समस्या को देखते हुए लोगों की शिकायतों को देखते हुए शहर पूर्व के निवासियों की लाइट समस्या को आन दी स्पॉट हल करने के लिए महावितरण के अधिकारी मंगलवार 16 जुलाई को दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक कृष्णा मैरिज हॉल में आ रहे हैं. शहरवासियों से लाभ उठाने की अपील उन्होंने की है. कार्यक्रम में राजेंद्र मिश्रा आदि मान्यवर उपस्थित थे.

# ऑनलाइन निवेश करते समय सावधान रहें!

■ 3 महिलाओं से 1 करोड़ की धोखाधड़ी



**कल्याण.** डोंबिवली, उल्हासनगर की तीन महिलाओं को ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से शेयरों में निवेश करने और आकर्षक रिटर्न का लालच दिखाकर इन महिलाओं से अलग-अलग चरणों में 32 से 43 लाख रुपये तक की राशि वसूली गई. बाद में न केवल इन महिलाओं को आकर्षक रिटर्न दिया, बल्कि उनकी मूल राशि वापस किए बिना उन्हें कुल एक करोड़ रुपये का चूना लगाया है। ये घटनाएं पिछले चार महीनों के दौरान डोंबिवली, उल्हासनगर में हुई हैं। इस संबंध में विट्ठलवाड़ी, डोंबिवली के तिलकनगर, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। डोंबिवली की एक 30 वर्षीय महिला से अप्रैल में इंस्टाग्राम पर एक ठग ने संपर्क किया। इस महिला से जान-पहचान बढ़ाकर उसे शेयर लेनदेन के जरिए आकर्षक रिटर्न देने का लालच दिया गया। उसकी सलाह पर इस महिला ने अप्रैल से जुलाई के दौरान कई चरणों में 32 लाख 76 हजार रुपये का निवेश किया. चार माह बाद महिला ने जब उससे बढ़ा हुआ रिफंड मांगना शुरू कर दिया। उस वक्त वह अनाप-शनाप जवाब देने लगा। महिला ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

ऐसी ही एक घटना डोंबिवली के तिलकनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई है। इस मामले में 44 साल की एक महिला के साथ धोखाधड़ी हुई है. इस तरह की धोखाधड़ी मई से जुलाई के बीच हुई है. महिला को शेयर निवेश पर अधिक रिटर्न का लालच दिया गया था। इस महिला ने इस निवेश योजना में 33 लाख 50 हजार रुपये का निवेश किया था. इसमें उनके साथ धोखा भी हुआ है.

तीसरी घटना उल्हासनगर क्षेत्र के विट्ठलवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई है. इस घटना में 32 साल की एक महिला से शेयर निवेश के 43 लाख 10 हजार रुपये ठग लिए गए. महिला ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. पिछले तीन माह के दौरान इन तीनों महिलाओं से ठगों ने कुल एक करोड़ नौ लाख की ठगी की है. ऑनलाइन निवेश लेनदेन करते समय सावधान रहें। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के निवेश लेनदेन के झांसे में न आएं।

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक


जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## राजनीति में भाषा की मर्यादा जरूरी

राजनीति में दो विरोधी दलों का विचारधारा और मुद्दों के स्तर पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े होना स्वाभाविक है। मगर वे भाषा के स्तर पर इस हद तक चले जाएं कि उससे उपजी कड़वाहट सामान्य व्यवहार और बोली तक को बुरी तरह प्रभावित करने लगे, तो यह निश्चित रूप से लोकतांत्रिक माहौल को भी बाधित करेगा। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश की राजनीति में ऐसा माहौल बन रहा है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी दलों में मुद्दों पर उठी बात को उचित संदर्भ में देख-समझ कर एक परिपक्व राय या प्रतिक्रिया देने के बजाय दोनों पक्षों के समर्थक आपस में दुश्मन की तरह पेश आने लगते हैं।

ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक नई परिपाटी शुरू की है, जिसे कड़वाहट से भरी राजनीतिक दुनिया में एक नई बयार की तरह देखा जा सकता है। गौरतलब है कि अमेठी लोकसभा सीट पर चुनाव हारने के बाद से भाजपा नेता स्मृति ईरानी के लिए सोशल मीडिया पर कुछ अवांछित भाषा का प्रयोग हो रहा था। राहुल गांधी ने इसी संदर्भ में 'एक्स' पर लिखा कि जीवन में जीत और हार होती रहती है मैं सभी से गुजारिश करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता को लेकर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने से बचें। जाहिर है, मुद्दा आधारित राजनीति के बजाय आरोप-प्रत्यारोपों में घुलती असहिष्णुता जब विषैली भाषा के रूप में सामने आने लगे और संवाद तक की गुंजाइश खत्म होने लगे तो ऐसे में अपने राजनीतिक विरोधी नेताओं के प्रति इस तरह की उदारता वक्त की जरूरत है। मगर राहुल गांधी की इस टिप्पणी को सकारात्मक संदर्भ में लेने के बजाय भाजपा के एक नेता की ओर से जैसी नकारात्मक प्रतिक्रिया आई, उसे सद्भाव के विरुद्ध ही माना जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि शीर्ष नेताओं की भाषा, उनके विचार और व्यवहार आम जनता के लिए एक स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक प्रशिक्षण का काम करते हैं। नेता जैसा विचार जाहिर करते हैं, उनके समर्थकों का मानस भी वैसा ही बनता है। इस लिहाज से अपने राजनीतिक प्रतिपक्षी नेताओं के लिए शालीन भाषा का प्रयोग करने की राहुल गांधी की सलाह सद्भाव आधारित राजनीति और लोकतांत्रिक माहौल को मजबूत करने की कोशिश है।

# 13 साल के लोकतंत्र में 16 बार बदली है सरकार

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें, तो साधनों, नैतिकता और मूल्यों का पूरी तरह से अनादर कर अंत तक अड़े रहने के मैकियावेली सिद्धांत के अनुपालन की राजनेताओं की प्रवृत्ति नेपाल के निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के मामले में सटीकता से दिखती है, जो नेपाली संसद में विश्वासमत हासिल करने के दौरान अपमानजनक ढंग से हारकर अपना पद गंवा बैठे हैं। प्रचंड को मात्र 63 वोट ही मिले, जबकि उनके खिलाफ नेपाली कांग्रेस और नेपाल (यूएमएल) के नए गठबंधन को कुल 194 वोट मिले। नए गठबंधन को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी एवं जनता समाजवादी पार्टी जैसे छोटे दलों का भी समर्थन मिला। 275 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए मात्र 138 सीटें चाहिए। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के समक्ष ओली ने सरकार बनाने का दावा पेश किया है।

इस बीच अच्छी बात यह है कि सीपीएन-यूएमएल के विदेश मामलों के प्रमुख और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डॉ. राजन भट्टाराई ने जोर देते हुए कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि नेपाल की प्रगति या नेपाली नागरिकों का कल्याण केवल भारत समर्थक रुख अपनाकर ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओली नेपाल-भारत संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के इच्छुक हैं, ताकि आधुनिक युग की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

नेपाल में लोकतंत्र की नाजुक स्थिति के कारण निरंतर अस्थिरता सरकार की पहचान रही है, जो तेरह वर्षों के लोकतंत्र में 16 बार सत्ता परिवर्तन से स्पष्ट है, जिससे देश के



आम लोगों के हितों पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ही है, देश आर्थिक संकट और ऋण देनदारियों, विशेष रूप से चीनी कर्ज के जाल में फंस गया है। नई सरकार का डेढ़ साल तक नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री और कट्टर कम्युनिस्ट नेता ओली करेंगे, जिसके बाद समझौते के अनुसार, शेष कार्यकाल के लिए देउबा प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। ओली एवं देउबा की नई गठबंधन सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और यही चुनौतियां उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होंगी, अन्यथा इसका नतीजा मध्यावधि चुनाव के रूप में सामने आ सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि कम्युनिस्टों (चीन समर्थक) और नेपाली कांग्रेस (भारत समर्थक) की विरोधी विचारधाराओं वाली नई सरकार को एकजुट रखना एक बड़ी चुनौती हो सकती है।

दूसरी बात, ओली और देउबा गठबंधन के समक्ष दो क्षेत्रीय शक्तियों यानी भारत और चीन से समान दूरी बनाए रखने की बाध्यता होगी, जिनके नेपाल के मामलों में भू-राजनीतिक और सामरिक हित जुड़े हैं। तीसरी बात, इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए ओली ने भारत विरोधी कार्रवाइयों को बढ़ावा दिया था। उन्होंने एक नया नक्शा बनवाया था, जिसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी सहित भारतीय क्षेत्रों को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इससे भारत नाराज हो गया और नक्शे को खारिज करते हुए उसे संबंधों को खराब करने का प्रयास बताया था। अब, गठबंधन में प्रमुख भागीदार के रूप में देउबा की जिम्मेदारी होगी कि वह ओली को भारत विरोधी मानसिकता से निकलने के लिए मनाएं और दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों की रक्षा करें। चौथी बात, प्रचंड के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट सरकार ने हमेशा चीन के प्रति प्रतिबद्धता के संकेत दिए हैं। चीन नई सरकार से भी बेल्ट ऐंड रोड (बीआरआई) पहल पर आगे बढ़ने की उम्मीद करेगा, क्योंकि प्रचंड ने 12 मई, 2017 को दोनों देशों के बीच हुए हस्ताक्षरित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब ओली सरकार को भारत की तरफ से किसी भी अड़चन से बचने के लिए इसे स्थगित रखने के लिए तार्किक कदम उठाना होगा। प्रचंड ने सितंबर, 2023 में बीजिंग की अपनी यात्रा के दौरान बीआरआई को गति देने के लिए नेपाल की प्रतिबद्धता दोहराई थी। अब ओली के लिए बीआरआई के संकल्प पर टिके रहना मुश्किल होगा, क्योंकि नेपाली कांग्रेस पूरी तरह से इसके खिलाफ है, इसलिए इस मामले में प्रगति की संभावना दूर की कौड़ी लगती है। पांचवीं बात, भारत की अग्निपथ योजना से निपटना नई सरकार के लिए चुनौती होगी, जो अब तक की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। भारत ने 15 जून, 2022 को अग्निपथ योजना शुरू की थी, जिसे नेपाल में भी लागू किया गया था, लेकिन कुछ आपत्तियों की वजह से अब भी नेपाल ने कोई फैसला नहीं लिया है।





जब हम सबसे प्रेम करने लगते हैं तो हमारे अंदर एक परिवर्तन आ जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खुदरा महंगाई की मार

भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिश है कि खुदरा महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर किया जा सके, मगर तमाम कोशिशों के बावजूद इस पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। महंगाई के रुख को देखते हुए ही रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव का कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। काफी समय से बैंक दरें स्थिर बनी हुई हैं, जबकि उद्योग समूह चाहता है कि रेपो दर घटाई जाए। जून महीने में खुदरा महंगाई 5.08 फीसद दर्ज की गई, जो कि पिछले चार महीने का सबसे ऊंचा स्तर है। मई महीने में महंगाई का रुख कुछ नरम दिखा था, हालांकि रिजर्व बैंक को अंदाजा था कि जून और बरसात के महीनों में खुदरा महंगाई बढ़ेगी।

रिजर्व बैंक का मानना है कि बरसात के बाद महंगाई उतार पर होगी और तब इसे स्थिर रख पाना संभव होगा। मगर यह दावा कितना सही होगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि पहले भी रिजर्व बैंक कई बार कह चुका है कि वह महंगाई को जल्दी ही काबू में ले आएगा। इस बार भी खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है।

दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लगाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार खाद्य महंगाई बढ़ कर 9.36 फीसद पर पहुंच गई है, जो मई महीने में 8.69 फीसद थी। जून महीने में अनाज के दामों में 8.75 फीसद, फलों में 7.15 फीसद, सब्जियों के दामों में 29.32 और दालों की कीमतों में 16.07 फीसद की



बढ़ोतरी दर्ज की गई। जमीनी स्तर पर आम उपभोक्ता को इससे कहीं अधिक बढ़ी हुई कीमतें चुकानी पड़ रही हैं।

बरसात के मौसम में तो कुछ कारण समझ आते हैं कि बाढ़ और बारिश की वजह से माल ढुलाई में बाधा आने की वजह से कई जगहों पर उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पाती। कई इलाकों में पानी भर जाने से फलों और सब्जियों की फसल चौपट हो जाने के कारण भी उनकी कीमतों में बढ़ोतरी देखी जाती है। मगर जून के महीने में ऐसी स्थिति नहीं होती। आमतौर पर बाजार में गेहूं और दालों की नई फसल की उपलब्धता रहती है, इसलिए भी इनकी किल्लत का तर्क नहीं रखा जा सकता। रोजी-रोजगार के मोर्चे पर संकट के दौर से गुजर रहे लोगों के सामने अनाज, फल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों की कैसी मार पड़ रही होगी, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

महंगाई पर काबू न पाए जा सकने के पीछे बाजार और विपणन के प्रबंधन में व्यवस्थागत कमजोरियां बड़ा कारण हैं। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली जिन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन अपने यहां भरपूर होता है, उन्हें सही ढंग से बाजार तक पहुंचाने की व्यावहारिक व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है। उनकी जगह पर आयातित वस्तुएं बाजार में जगह बना लेती हैं, नहीं तो कोई कारण नहीं कि अक्सर किसानों को अपनी कच्ची फसलें सड़कों पर फेंकने को मजबूर होना पड़ता है। किसान मंडियों में महाजनों की मनमानी की शिकायत करते रहते हैं, पर फसलों की खरीद का व्यवस्थित इंतजाम करने पर ध्यान नहीं दिया जाता। पर्याप्त भंडारगृह और शीतगृहों के न होने से भी फसलें बाजार पहुंचने से पहले बर्बाद हो जाती हैं। जब तक खाद्य वस्तुओं के प्रबंधन पर समुचित ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक केवल बैंक दरों के जरिए महंगाई पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।

# UFO की थीम पर बना है मैकडॉनल्डस

**जरा हट के**

मैकडॉनल्ड् ऐसा ब्रैंड है जो दुनिया भर के कोने कोने में फैला है. इसके भोजन की करीब हर वैरायटी को देख कर लगता है कि यह हर जगह एक जैसे ही होते होंगे. इसके नाम कुछ ज्यादा ही परिभाषित होते हैं. पर क्या इनके आउटलेट की इमारत भी एक जैसी होती है? बिलकुल नहीं बल्कि एक इमारत तो बहुत ही अनोखी है.



न्यू मैक्सिको के रोसवेल में यू.एस. एलियन काउंटी के पेट में पाई गई विचित्र शाखा, आसपास की किसी भी अन्य मैकडॉनल्* शाखा से बिल्कुल अलग है. इसकी खासियत यह है कि यह यूएफओ थीम पर आधारित है. वास्तव में, एक उड़न तश्तरी के आकार की है. इसमें एक एलियन थीम वाला खेल का मैदान भी है जो इमारत के किनारे से बाहर निकलता है.

रोडसाइड अमेरिका, "अनोखे अजीब पर्यटक आकर्षणों" को समर्पित एक गाइड बुक, दावा करती है कि यह दुनिया का एकमात्र उड़न तश्तरी के आकार का मैकास है. इसमें लिखा है, "यह दुनिया का एकमात्र मैकडॉनल्* है जो उड़न तश्तरी के आकार का है.

"इसके वायुगतिकीय गुणों को प्लेलैंड को घेरने की आवश्यकता के कारण समझौता किया गया है, हालांकि रेस्तरां ने अंतरिक्ष सूट में रोनाल्ड मैकडॉनल्ड और उनके विभिन्न प्लेलैंड दोस्तों की इनडोर मूर्तियों को सुसज्जित करके क्षतिपूर्ति करने का प्रयास किया है." रात के समय जाकर अपनी यात्रा में एक अतिरिक्त आयाम जोड़ें, जब एलईडी लाइटिंग इमारत को रोशन करती है, जिससे यह और भी अधिक यूएफओ जैसा दिखाई देता है.

यह शहर में एलियन से प्रेरित एकमात्र पर्यटक आकर्षण नहीं है. 1947 में एक अलौकिक रहस्य के घटित होने के बाद से, शहर में एलियंस के प्रति आकर्षण विकसित हुआ है. रेडिट थ्रेड में, स्थानीय लोगों ने मैकडॉनल्* की "डरावनी दिखने वाली" शाखा के पास अन्य यूएफओ-थीम वाले स्थलों पर चर्चा की.




# पनीर अमृतसरी

हम बात कर रहे हैं, पनीर अमृतसरी की. यह स्वादिष्ट सब्जी है, जो कम समय में बनकर तैयार हो जाएगी. यही नहीं इसका स्वाद एकदम होटल की सब्जी की तरह लगेगा. आइए जानते हैं, इसे बनाने का सही तरीका क्या है.

**सामग्री :**

पनीर अमृतसरी बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे 250 ग्राम पनीर के छोटे टुकड़े कटे हुए. एक बारीक कटा प्याज, दो टमाटर, अदरक लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च, काजू, किशमिश, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, धनिया पाउडर और अपनी पसंद के हिसाब से मसाले, तीन चम्मच तेल, एक चम्मच घी, हरा धनिया कटा हुआ, नमक स्वादानुसार. इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप होटल जैसी पनीर अमृतसरी बना सकते हैं.

**विधि :**



पनीर अमृतसरी बनाने के लिए आपको एक पैन में तेल गर्म करना होगा. उसमें प्याज डाल दें, जब प्याज हल्के सुनहरे हो जाए, तब उसमें अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर 1 मिनट तक अच्छे तरीके से भून लें. अब इसमें टमाटर, बारीक कटी हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालकर सभी चीजों को मिक्स कर ले. जब टमाटर नरम हो जाए, तब तक इसे पकाए.

अब इसमें काजू और किशमिश डाल दे और 2 मिनट तक भून लें. जैसे ही आपकी ग्रेवी तैयार हो जाए, आप इसमें पनीर के टुकड़े, गरम मसाला और नमक अपने स्वादानुसार डालकर अच्छी तरह मिला दें और इसे ढककर रख दें. तीन से चार मिनट बाद जब पनीर नरम हो जाए, तब ऊपर से इसमें घी डाल दें और अच्छी तरह मिला लें. अब आप इसे एक कटोरे में निकालकर इसके ऊपर धनिया की बारीक पत्तियां डालकर सर्व कर सकते हैं.

# कुछ सब्जियों को साथ खाने में आयुर्वेद की है सख्त मनाही



आयुर्वेद के बारे में हम सभी आदिकाल से ही सुनते चले आ रहे हैं. इसमें जड़ी-बूटियों और खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाता है. आयुर्वेदिक डाइट के जरिए कई बीमारियों का इलाज भी किया जाता है. इसमें पोषक तत्वों का खास ध्यान रखा जाता है. आपको बता दें, आयुर्वेद में कई फूड कॉम्बिनेशन ऐसे हैं, जिन्हें सेहत के लिए रामबाण माना गया है. लेकिन वहीं कई फूड कॉम्बिनेशन ऐसे भी है जो सेहत को नुकसान भी कर सकते हैं. आयुर्वेद में सब्जियों के साथ कुछ चीजों का सेवन करना नुकसानदायक भी माना गया है. यानि अगर आप सब्जियों के साथ इन चीजों का सेवन करेंगे, तो इससे आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा हो सकता है. इस बारे में जानने के लिए हमने आयुर्वेदिक थेरेपी सेंटर से जानकारी ली है.

### मूली और दूध

आयुर्वेद में मूली के साथ दूध लेना बहुत ही खराब कॉम्बिनेशन माना जाता है. आपको बता दें, मूली की तासीर गर्म मानी जाती है, जबकि दूध को ठंडा माना गया है. इन दोनों चीजों को एक साथ खाने से शरीर का तापमान बिगड़ सकता है. जिससे पाचन तंत्र भी खराब हो सकता है.

### बीज वाली सब्जी और डेयरी प्रोडक्ट

बीज वाली सब्जियों के साथ डेयरी प्रोडक्ट का सेवन भी नहीं करना चाहिए. इन चीजों के सेवन से पाचन तंत्र खराब हो सकता है. इसके सेवन से कुछ स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है. खासकर जिन लोगों को इससे एलर्जी है उन्हें इससे दूरी बना कर रखनी चाहिए.

### खट्टी सब्जियां और दूध

दूध के साथ खट्टी सब्जियों जैसे टमाटर, खट्टे फल, खट्टे जामुन और पत्तेदार साग का सेवन नहीं करना चाहिए. इस कॉम्बिनेशन से पाचन तंत्र खराब हो सकता है. साथ ही आपको पेट में सूजन, गैस या अपच जैसी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है.

### प्याज और दही

आयुर्वेद में प्याज के साथ दही खाने की सख्त मनाही होती है. प्याज का स्वाद तीखा और तासीर गर्म होती है. वहीं दही के साथ इसका सेवन करने से पाचन क्रिया खराब हो सकती है. इससे शरीर में टॉक्सिन बनने लगते हैं और शरीर को नुकसान कर सकते हैं.

### मूली और शहद

अगर आप मूली से कोई व्यंजन तैयार कर रहे हैं, तो उसमें शहद बिल्कुल न मिलाएं. क्योंकि ये दोनों चीजें मिलकर शरीर में टॉक्सिन पैदा कर सकती हैं. इसके कारण शरीर में पित्त दोष बढ़ता है और पाचन तंत्र खराब हो सकता है.

### खीरे के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स

खीरा ठंडा होने के साथ शरीर को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद करता है. लेकिन अगर आप किसी डेयरी प्रोडक्ट के साथ इसका सेवन करते हैं, तो आपको पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. खासकर जिन लोगों को पाचन संबंधित समस्याएं पहले से रहती हैं, उन्हें यह कॉम्बिनेशन अवॉइड करना चाहिए.

## आज का राशिफल


**मेष** : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृषभ** : परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा।


**मिथुन** : भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।


**कर्क** : जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।


**सिंह** : आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।


**कन्या** : नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी।


**तुला** : प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।


**वृश्चिक** : यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।


**धनु** : नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।


**मकर** : निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी।


**कुंभ** : सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है।


**मीन** : थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# इस दिन करें ऑनलाइन शॉपिंग

### मिलता है भारी-भरकम डिस्काउंट

टेक्नोलॉजी ने हमारे जीवन के हर एक पहलू पर कहीं ना कहीं अपनी छाप छोड़ी है। अब जरा हमारी शॉपिंग हैबिट को ही देख लीजिए। दुकानों पर जाकर शॉपिंग करने के बजाए आजकल लोग घर बैठे-बैठे अपने फोन के जरिए ही शॉपिंग करना पसंद करते हैं। ऑनलाइन स्टोर्स पर जरूरत की छोटी से लेकर बड़ी हर तरह की चीजें मौजूद हैं। ना बाजार जाने की टेंशन ना ही शॉपकीपर से मोलभाव करने का झंझट। ऑनलाइन शॉपिंग का एक फायदा और भी है कि यहां समय-समय पर अच्छे-अच्छे ऑफर भी मिलते रहते हैं। कई बार तो ब्रैंडेड चीज भी आपको काफी सस्ते में मिल जाती है। लेकिन इन ऑफर्स का अपना एक टाइम होता है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि ऑनलाइन शॉपिंग के लिए कौनसा टाइम बेस्ट होता है और किस टाइम को अवॉइड करना चाहिए।

### वीक की शुरुआत है बेहतर टाइम

ऑनलाइन शॉपिंग का सबसे सही समय हफ्ते की शुरुआत में होता है। यानि सोमवार, मंगलवार और बुधवार को ऑनलाइन शॉपिंग करना बचत के मामले में सबसे सही रहता है। इन दिनों में ऑनलाइन शॉप पर ट्रैफिक थोड़ी कम



रहता है, जिसकी वजह से ऑफर और डिस्काउंट मिलने के चांस थोड़ा बढ़ जाते हैं। दरअसल वीक की शुरुआत में लोगों के पास ऑफिस का वर्क प्रेशर ज्यादा रहता है, जिसकी वजह से उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग का मौका नहीं मिल पाता, और इस वजह से ही इन दिनों में ऑनलाइन शॉप पर ट्रैफिक काफी कम होता है।

### वीकेंड पर ऑनलाइन शॉपिंग करने से बचें

वीकेंड के दिनों में यानी शनिवार, रविवार ऑनलाइन स्टोर पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक पाया जाता है। इन दिनों ऑनलाइन शॉपिंग करने से बचना चाहिए। ट्रैफिक ज्यादा होने की वजह से डिस्काउंट और ऑफर लगभग ना के बराबर अवेलेबल रहते हैं। इसके साथ ही वीकेंड पर ऑनलाइन शॉपिंग करने से कभी-कभी किसी-किसी प्रोडक्ट के दोगुने दाम देने पड़ जाते हैं। वीकेंड के दिनों में प्रोडक्ट के आउट ऑफ स्टॉक होने के चांस भी बढ़ जाते हैं। इसलिए वीकेंड पर ऑनलाइन शॉपिंग करने से बचना चाहिए।

### फेस्टिवल सीजन में करे बड़े सामान की शॉपिंग

अगर घर के लिए किसी बड़े सामान की शॉपिंग करने की सोच रहे हैं तो आस–पास आने वाले किसी फेस्टिवल का वेट कर लें। दरअसल फेस्टिवल सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग में कई ऑफर मिलते हैं। हर वेबसाइट बड़े-बड़े ऑफर्स और डील्स लेकर आती हैं। कपड़ों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक हर सामान पर बड़ा डिस्काउंट मिलता है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि बड़े इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की ऑनलाइन शॉपिंग फेस्टिवल सीजन के दौरान ही की जाए।

# दालचीनी खा रहे हैं या धोखा?



**कलर :** दालचीनी खरीदते समय उसके रंग का विशेष ध्यान रखें. बता दें कि, नकली दालचीनी गाढ़े भूरे रंग की होती है, जिसे हाथ में लेते ही उसका रंग निकलने लगता है. जबकि, असली दालचीनी हल्के भूरे रंग की होती है और इससे रंग नहीं छूटता है.

**ऊपरी परत:** बाजार से दालचीनी लेते समय उसकी ऊपर परत को ध्यान से देखें. क्योंकि, नकली दालचीनी की परत खुरदुरी और सख्त होती है. लेकिन, असली की परत काफी चिकनी और मुलायम होती है. इसको हाथ से रगड़ने पर हाथ में चुभेगी नहीं.

**खुशबू:** असली-नकली दालचीनी की पहचान आप सूंघकर भी कर सकते हैं. बता दें कि, असली दालचीनी की महक हल्की भीनी-भीनी सी होती है. जबकि, नकली दालचीनी से खुशबू नहीं आती है. अगर आती भी होगी अजीब तरह की.

**बनावट:** दालचीनी का आकार भी असली-नकली की पहचान करा सकता है. दरअसल, असली दालचीनी गोल होती है, जिसके सभी रोल अंदर से सिगार की तरह भरे होते हैं. इन रोल में उंगली डालना संभव नहीं होता है. जबकि, नकली दालचीनी के रोल अंदर से खोखले होते हैं.

**चख कर देखें:** दालचीनी असली है या नकली यह पहचानने के लिए उसे हल्का सा चख भी सकते हैं. बता दें कि, असली दालचीनी खाने में हल्की मीठी सी होती है. लेकिन, नकली दालचीनी खाते समय हल्की कड़वी महसूस होती है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मुहर्रम जुलूस के दौरान लगे आपत्तिजनक नारे, पुलिस ने वीडियो खंगालकर 7 को पकड़ा

**अमेठी.** यूपी के अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है। इस आरोप में अमेठी की कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर सात लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने वायरल वीडियो के जरिए इन लड़कों की पहचान की। वीडियो में कुछ अन्य लड़के भी नजर आ रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है। मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद एसआई राजेश कुमार ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर के मुताबिक मुहर्रम के जुलूस में कुछ लड़कों द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भड़काऊ नारे लगाए गए। कोतवाली पुलिस ने एसआई की तहरीर पर कई अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 व 353 (2) के तहत केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

### यूपी के 17 जिलों में बाढ़ से मुसीबत

**लखनऊ.** मौसम विभाग ने सोमवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का यलो अलर्ट जारी किया था। सुबह से ही कई इलाकों में बारिश हो रही है। वहीं मंगलवार और बुधवार को राज्य में हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। गुरुवार 18 जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। लेकिन यूपी के 17 जिले अभी तक बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण 17 जिलों के गांवों पर बाढ़ का असर है। हालांकि कुछ उफनाई नदियों का जलस्तर या तो घट रहा है या फिर स्थिर है लेकिन अब भी 17 जिलों में बाढ़ के पानी से आफत मची हुई है। बलिया, मऊ और आजमगढ़ में बहने वाली सरयू नदी के जलस्तर में लगातार घटाव जारी है।

### अपहरण के बाद हत्या! भरे बाजार लड़की का किडनैप कर ले गए दंपति, 12 घंटे बाद मिला शव

**बरेली.** बरेली के हाफिजगंज में रहने वाली युवती की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव पानी से भरे गड्ढे में बरामद हुआ है। परिवार वालों ने नवाबगंज निवासी दंपति पर अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम को भेजा और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। परिवार के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। नवाबगंज में सरदार नगर निवासी अरुण कुमार ने बताया रविवार शाम उनकी 23 वर्षीय बहन लक्ष्मी फुफेरी बहन सपना के साथ खरीदारी के लिए बरेली गई थी। शक करीब साढ़े छह बजे वे दोनों स्कूटी से घर लौट रही थीं तो हाफिजगंज में तिराहे के पास नवाबगंज निवासी मोनू गुप्ता और उसकी पत्नी ने कार आगे लगाकर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद वे दोनों लक्ष्मी को बहलाकर अपनी कार में बैठा ले गए।

### मेरी पत्नी का सिपाही के साथ है अवैध संबंध, वीडियो वायरल कर पत्नी की हत्या, फिर खुद दी जान

**सैफई.** यूपी के सैफई में अवैध संबंधों के शक में एक युवक ने पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खौफनाक वारदात को अंजाम देने से पहले पति ने एक वीडियो भी बनाया। इसमें उसने कहा कि मेरी पत्नी का पड़ोसी सिपाही से अवैध संबंध है। उससे बातें करती है। मना करने पर भी वह मान नहीं रही है। मुझे फंसाने की धमकी देती है। इस वीडियो को उसने मरने से पहले अपने कई रिश्तेदारों को भी भेजा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वीडियो के आधार पर जांच चल रही है। एक साथ दो शव देख परिजनों में कोहराम मचा है। गांव नगला चैनसुख में रहने वाले जगदीश यादव का 30 वर्षीय बेटा अवनीश उर्फ मनोज यादव ट्रक ड्राइवर था। उसकी 2015 में 28 वर्षीय सोनम यादव के साथ शादी हुई थी। दोनों को एक सात साल का बेटा भी है। उसने पड़ोस में रहने वाले सिपाही से पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में आधी रात को उसकी बेड पर सोते समय गला दबाकर हत्या कर दी।

# विस चुनाव में भाजपा चलाएगी 'माधव फॉर्मूला'



**मुंबई.** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को जिन राज्यों से करारा झटका लगा है, उनमें यूपी के अलावा महाराष्ट्र, बंगाल और राजस्थान शामिल हैं। महाराष्ट्र में तो कुछ महीने बाद ही विधानसभा के इलेक्शन भी होने वाले हैं। ऐसे में भाजपा चिंतित है कि लोकसभा चुनाव जैसा ही हाल यदि विधानसभा में भी रहा तो उसे नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए भाजपा पहले ही तैयारी में जुट गई है। पार्टी के रणनीतिकारों का कहना है कि इसके लिए MADHAV फॉर्मूले पर जोर दिया जाएगा। इस फॉर्मूले पर पार्टी पहले भी काम कर चुकी है और इसका उसे फायदा भी मिला है। दरअसल मराठा आंदोलन की काट के लिए एकनाथ शिंदे सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले विशेष सत्र बुलाया था। कोटे को मंजूरी भी दिलाई थी। इसके बाद भी नतीजे खराब आए। माना जा रहा है कि मराठा समुदाय का समर्थन शरद पवार की एनसीपी, उद्धव सेना और कांग्रेस के साथ रहा है। इसके अलावा मराठों को ज्यादा तवज्जो देने से ओबीसी तबका भी दूर हुआ है और इसका नुकसान चुनाव में दिखा। अब भाजपा इसी परेशानी का हल निकालने के लिए माधव फॉर्मूला लागू करना चाहती है। भाजपा की ओर से पहले भी माली, धनगर और वंजारा समुदाय को लुभाने की कोशिशें होती रही हैं। इन तीनों समुदायों को ही मिलाकर MADHAV नाम दिया गया है।

तीनों ही वर्ग ओबीसी में आते हैं और 2014 में बड़े पैमाने पर इनका समर्थन भाजपा को मिला था। अब भाजपा एक बार फिर से उन्हें साथ लाने की कोशिश में है। इसी कोशिश के तहत पिछले दिनों अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्याबाई नगर किया गया था। अहिल्याबाई होलकर की धनगर समुदाय में देवी जैसी मान्यता है। वह ऐसी मराठा शासक थीं, जिन्होंने देश भर में तमाम मंदिरों का पुनरुद्धार कराया था। धनगर के साथ ही माली और वंजारों को मिला लें तो बड़ी संख्या बन जाती है। महाराष्ट्र में इन तीन बिरादरियों को ही ओबीसी का बड़ा हिस्सा माना जाता है।

अहिल्याबाई होलकर को लेकर आरएसएस का भी बड़ा प्लान है और उसने उनकी 300वीं जयंती पर अलग-अलग कार्यक्रम कराने का फैसला लिया है। धनगर समुदाय का महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सांगली, पुणे, अकोला, परभणी, नांदेड़ और यवतमाल जैसे इलाकों में अच्छा असर रहा है। महाराष्ट्र की राजनीति के एक्सपर्ट्स का कहना है कि करीब 100 विधानसभाओं में धनगर समुदाय का असर है। इसके अलावा 40 सीटों पर नतीजे बदलने की भी ताकत धनगर समुदाय के लोग रखते हैं। 2014 में गोपीनाथ मुंडे ने भाजपा के साथ धनगर, माली और वंजारा समुदाय को जोड़ने के लिए बहुत मेहनत की थी और उसका नतीजा भी था कि अच्छे नंबरों के साथ सरकार बनी थी।

# केदारनाथ धाम में 228 किलो सोने का घोटाला?

- **शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा आरोप**



**मुंबई.** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने केदारनाथ धाम में 228 किलो सोने का घोटाला होने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री से निकलने के बाद यह बात कही।

मीडिया ने उनसे पूछा था कि दिल्ली में केदारनाथ धाम जैसा मंदिर बनाने की बात हो रही है। इस पर आपकी क्या राय है? इस पर तीखा जवाब देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों की एक परिभाषा और नियम तय हैं। इसलिए कहीं भी केदारनाथ धाम नहीं बनाया जा सकता। शंकराचार्य ने कहा, शास्त्रों में द्वादश ज्योतिर्लिंग की बात कही गई है। केदारनाथ धाम दिल्ली में बनेगा, ऐसा कहना गलत है। हमारे धर्मस्थान में राजनीति वाले एंट्री कर रहे हैं। यह गलत है। केदारनाथ धाम से 228 किलो सोने का घोटाला हो गया है। इसकी आखिर कोई जांच क्यों नहीं होती।'

शंकराचार्य ने इस दौरान अनंत अंबानी के विवाह में पीएम मोदी से मुलाकात पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझे प्रणाम किया तो मैंने उन्हें आशीर्वाद दिया। हम उनके दुश्मन नहीं बल्कि हितैषी हैं। हां, जब वह गलत करते हैं तो फिर हम यह भी कहते हैं कि यहां तुमसे गलती हुई है। शंकराचार्य ने कहा कि शास्त्रों में लिखा है कि सोमनाथ सौराष्ट्र यानी गुजरात में ही होगा। केदारनाथ हिमालय पर ही होगा। उसका कोई प्रतिरूप नहीं हो सकता। यदि हम उसे दिल्ली में बनाना चाहें तो गलत है। केदारनाथ एक ही है और जहां है, वहीं रहेगा। शास्त्र से अलग कुछ होगा तो हम उसे गलत ही कहेंगे। शंकराचार्य ने कहा, 'केदारनाथ में सोने का घोटाला हो गया। इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया जाता? वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ बन रहा है? अब एक और घोटाला हो जाएगा।'

# मुस्लिम लॉ बोर्ड ने SC के फैसले को गलत ठहराया

- **कहा- तलाकशुदा महिलाओं को गुजाराभत्ता देना इस्लामी कानून के खिलाफ**



**नई दिल्ली.** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजाराभत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत ठहराया है। AIMPLB की वर्किंग कमेटी ने रविवार को एक बैठक कर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर चर्चा की।

इस बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह फैसला 'शरिया' (इस्लामी कानून) के खिलाफ है। लिहाजा AIMPLB सभी संभावित उपायों का पता लगाएगा जिससे सुप्रीम कोर्ट से इस फैसले को पलटने को कह सके। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपराध प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) के तहत अपने पति से भरण-पोषण की हकदार है। इसके लिए वह याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने एक मुस्लिम युवक मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह फैसला हर धर्म की महिलाओं पर लागू होगा। मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना अन्य धर्म की महिलाओं को।

#### तलाक घिनौनी चीज, शादी बनाए रखने की हर कोशिश होनी चाहिए

पर्सनल लॉ बोर्ड ने अपने प्रस्ताव में कहा कि बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि पैगंबर ने कहा था कि जिन चीजों को करने की इजाजत दी गई है, उसमें से तलाक सबसे घृणित चीज है। लिहाजा शादी के रिश्ते को बनाए रखने के लिए सभी वैध उपाय किए जाने चाहिए।

# NEET याचिकाएं हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर होंगी

## NTA की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, अगली सुनवाई 18 जुलाई को




**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में NEET मामले पर आज सुनवाई हुई। CJI चंद्रचूड़ की बेंच ने देश के सभी हाईकोर्ट में NTA के खिलाफ दायर हुई याचिकाओं को ट्रांसफर करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है।

दरअसल, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिकाएं दायर की थीं। इनमें एजेंसी ने देश के सभी हाईकोर्ट में लगी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाने की मांग की थी।

इस मामले की सुनवाई की CJI चंद्रचूड़, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच ने की।

#### पेपर लीक, एग्जाम कैंसिल करने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई को

इससे पहले 20 जून को NTA की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता, बॉम्बे और जोधपुर हाईकोर्ट में एजेंसी के खिलाफ दायर हुई याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगाई थी। ये याचिकाएं एग्जाम में ग्रेस मार्क्स के खिलाफ दायर की गई थीं। इसके बाद NTA ने बची हुई याचिकाओं को ट्रांसफर किए जाने की अपील की। ये याचिकाएं एग्जाम कैंसिल किए जाने से जुड़ी हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में NEET पेपर लीक और एग्जाम कैंसिल किए जाने की याचिकाओं पर अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

# शहीद के पेरेंट्स-पत्नी को इंश्योरेंस फंड के 50-50 लाख मिले

- **आर्मी बोली- पेंशन पत्नी को मिलेगी, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें नॉमिनी बनाया था**



**नई दिल्ली.** सियाचिन में सेना के टेंट में आग लगने से 19 जुलाई 2023 को शहीद हुए देवरिया के कैप्टन अंशुमान के परिवार को आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड से 1 करोड़ रुपए दिए गए। यह रकम अंशुमान के पेरेंट्स और उनकी पत्नी में आधी-आधी बांटी गई। शहीद के माता-पिता ने कहा था- बेटे को मिले मरणोपरांत कीर्ति चक्र को बहू ने छूने भी नहीं दिया। बेटे के जाने के बाद बहू सम्मान लेकर चली गई। हमारे पास कुछ नहीं बचा। आर्मी को शहीद के परिवार को मिलने वाली वित्तीय सहायता के नियमों में बदलाव करना चाहिए। इसे लेकर आर्मी के सूत्रों ने कहा है कि आर्मी की ओर से पेरेंट्स को 50 लाख और पत्नी को 50 लाख दिए जा चुके हैं। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक शहीद की पेंशन उनकी पत्नी स्मृति को ही मिलेगी, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें नॉमिनी बनाया था।

#### शहीद के पिता रिटायर्ड JCO, उन्हें पेंशन मिलती है

आर्मी के एक अधिकारी ने कहा- कैप्टन अंशुमान मार्च 2020 में आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में शामिल हुए थे। पत्नी स्मृति को आर्मी के ज्यादा बेनिफिट इसलिए मिल रहे हैं, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें अपना नॉमिनी बनाया था। साथ ही बताया कि अंशुमान के पिता आर्मी में रिटायर्ड JCO हैं। उन्हें पेंशन और आर्मी की अन्य सुविधाएं मिलती हैं। ऐसे मुद्दे आर्मी के सामने पहले भी आए हैं, खासकर तब जब शहीद के माता-पिता उन पर आश्रित होते हैं, लेकिन आर्मी यूनिट ऐसे मुद्दों को निपटा लेती है। अंशुमान का मामला अलग है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि उनके पिता भी सेना में रह चुके हैं।

### डीके शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट से झटका, सीबीआई की FIR रद्द करने से इनकार

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की याचिका सोमवार खारिज कर दी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती।

# मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं

- **कोर्ट ने 22 जुलाई तक कस्टडी बढ़ाई**



**नई दिल्ली.** शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक बार फिर से जमानत नहीं एमिली। सोमवार (15 जुलाई) को CBI के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की ज्यूडिशियल कस्टडी 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान सिसोदिया और अन्य आरोपियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की ओर से पेश हुए एडवोकेट नितेश राणा की दलीलें सुनने के बाद मामले को 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया। 6 जुलाई को CBI ने सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया था, जहां कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी थी।

इससे पहले, 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से ठीक पहले जस्टिस संजय कुमार ने बेंच से खुद को अलग कर दिया, जिसके बाद सुनवाई टल गई थी। सिसोदिया ने शराब नीति घोटाले से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय (ED) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) केस में जमानत पर पुनर्विचार को लेकर दो अलग-अलग याचिकाएं लगाई हैं।

# इंडिया ने 4-1 से जीती टी-20 सीरीज




- **आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को हराया**
- **ऑलराउंडर शिवम मैन ऑफ द मैच**
- **सुंदर प्लेयर ऑफ द सीरीज**

टीम इंडिया ने रविवार को हरारे के मैदान में खेले गए 5वें टी-20 में भी जिम्बाब्वे को हरा दिया। साथ ही 5 मैचों की टी-20 सीरीज को 4-1 से जीत लिया। 5वें टी-20 में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीता और भारत को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई और रियान पराग के साथ 65 रन की साझेदारी की। शिवम दुबे ने डेथ ओवर्स में चौके-छक्के लगाकर टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचाया। 168 रन चेज कर रही जिम्बाब्वे को मुकेश कुमार और शिवम दुबे ने परेशानी में डाला। मुकेश ने 4 विकेट लिए। जिम्बाब्वे की टीम 18.3 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारतीय टीम के पावरप्ले के 6 ओवर में 40 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद संजू और रियान ने पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर 65 रन जोड़े। इस साझेदारी में संजू ने 40 और रियान ने 22 रन का योगदान दिया। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए किसी भी जिम्बाब्वे के बॉलर को टिकने नहीं दिया। इस साझेदारी के चलते भारत ने जिम्बाब्वे को 168 रन का टारगेट दिया।

वाशिंगटन सुंदर को पूरे सीरीज में शानदार परफॉरमेंस के चलते मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें 5 मैच की सीरीज में सिर्फ 2 मैच में बैटिंग मिली। जिसमें उन्होंने 28 रन बनाए। पहले टी20 में बनाया गया 27 रन उनका बेस्ट स्कोर था। सुंदर ने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लेकर भारत को सीरीज जिताई। उन्होंने सीरीज में 8 विकेट लिए। जिसमें उनका बेस्ट 15 रन देकर 3 विकेट रहा। आज के मैच में उन्होंने 2 ओवर में 7 रन देकर 1 विकेट लिया। शिवम दुबे ने बल्लेबाजी के दौरान डेथ ओवर्स में चौके-छक्के लगाए। 19वें ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाकर स्कोर 150 के पार पहुंचा दिया।

# देश का पहला हाइड्रोजन क्रूज पहुंचा काशी

- **वाराणसी-चुनार के बीच चलेगा 50 सीटर शिप**
- **2500 रुपए होगा टिकट, वेज फूड मिलेगा**



**वाराणसी.** ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला क्रूज वाराणसी पहुंच गया है। कोलकाता के कोच्चि शिपयार्ड से जलमार्ग के जरिए शिप रविवार देर शाम नमो घाट पहुंचा। पर्यटन विभाग की निगरानी में रामनगर मल्टी-मॉडल टर्मिनल राल्हूपुर में खड़ा किया गया। यहीं पर शिप की सजावट और लाइटिंग का काम किया जाएगा।

यह डबल डेकर कैटामरान क्रूज जून के अंतिम सप्ताह में कोलकाता से चला था। रास्ते में कम पानी होने की वजह से उसे कई जगह रोकना पड़ा। इसके चलते जलयान को आधा सफर पूरा करने में ज्यादा समय लगा।

#### 50 सीटर शिप वाराणसी से चुनार के बीच चलेगा

इस जलयान को पर्यटन विभाग वाराणसी से मिर्जापुर के चुनार के बीच करीब 15 किमी की दूरी में चलाएगा। यात्रा का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक है। यात्रा नमो घाट से शुरू होगी। 2500 रुपए प्रति व्यक्ति किराया प्रस्तावित है। हालांकि अभी इस पर अंतिम मुहर लगनी बाकी है।

#### पर्यटकों को दी जाएगी ऐतिहासिक जानकारी

रास्ते में पर्यटकों को गंगा घाट, शूलटंकेश्वर मंदिर समेत कई ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद सैलानियों को चुनार किला ले जाया जाएगा, जहां पर गाइड किले के इतिहास से रुबरू कराएंगे। इसमें पर्यटकों के मनोरंजन का भी खास ख्याल रखा गया है। यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। इसमें ब्रेक फास्ट, लंच और शाम का स्नेक्स शामिल होगा।
क्रूज में लाइव म्यूजिक का भी आयोजन होगा। पर्यटकों की डिमांड के अनुसार और भी पैकेज को शामिल किया जा सकता है। यात्रा के पश्चात सभी यात्रियों को बनारस लाकर छोड़ा जाएगा।

# अस्पताल की लिफ्ट में दो दिन फंसा रहा मरीज

## लिफ्टमैन काम पर आया तो उसे बेहोश मिला, केरल के तिरुवनंतपुरम का मामला



**तिरुवनंतपुरम.** केरल के तिरुवनंतपुरम में एक मरीज के दो दिन तक अस्पताल की लिफ्ट में फंसा रह गया। सोमवार को जब लिफ्टमैन ड्यूटी पर लौटा, तब मरीज बेहोशी की हालत में लिफ्ट में मिला। पुलिस ने बताया कि पीड़ित रवींद्रन नायर (59) तिरुवनंतपुरम के उल्लूर का रहने वाला है। वह 13 जुलाई (शनिवार) को बैक पैन का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल आया था। डॉक्टर ने उसे टेस्ट कराने को कहा था। वह कुछ डॉक्यूमेंट लेने के लिए अस्पताल से घर आया। इसके बाद जब वे दोबारा अस्पताल गए तो फर्स्ट फ्लोर तक जाने के लिए लिफ्ट में चढ़ा। अचानक लिफ्ट जोर-जोर से हिलने लगी और अटक गई। इस दौरान रवींद्रन का मोबाइल फोन गिरकर टूट गया। वह मदद के लिए चिल्लाया, लेकिन कोई भी बचाने के लिए नहीं पहुंचा। रविवार को छुट्टी के कारण लिफ्ट पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। सोमवार सुबह 6 बजे लिफ्टमैन आया तो उसे रवींद्रन बेहोशी के हालत में मिले। इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

#### इमरजेंसी अलार्म बजाया लेकिन रिस्पांस नहीं मिला

रवींद्रन के बेटे हरिशंकर का कहना है कि लिफ्ट में बंद होते ही उनके पिता ने इमरजेंसी अलार्म बजाया था, लेकिन इस पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। हरिशंकर ने अपने पिता को कॉल करने की कोशिश की लेकिन फोन स्विच ऑफ होने की वजह से संपर्क नहीं हो सका। जब रवींद्रन वापस नहीं लौटे तो उनके बेटे ने आस-पास तलाश करके, रविवार रात को मेडिकल कॉलेज पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई।

### हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने अडानी समूह को राहत दे दी है। समूह पर लगे शेयरों की हेराफेरी के आरोपों की जांच का जिम्मा सीबीआई को देने से मना करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की याचिका को खारिज कर दिया है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट की अडानी समूह पर आई रिपोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका लगाई गई थी कि समूह पर लगे शेयरों की हेराफेरी के आरोपों की जांच की जाए, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सबूतों को देखते हुए 3 जनवरी को फैसला सुनाते हुए कहा था कि सीबीआई या एसआईटी को जांच सौंपने की जरूरत नहीं है।

# IAS पूजा खेडकर केस में नया खुलासा

## दो बार डॉक्टरों ने खारिज किया था दिव्यांगता का दावा



**नई दिल्ली.** 2023 बैच की महाराष्ट्र कैडर के ट्रेनी IAS अधिकारी पूजा खेडकर लगातार विवादों में घिरती जा रही हैं। सिविल सेवा परीक्षा पास करने के लिए फर्जी दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करने की आरोपी खेडकर के बारे में अब एक नया खुलासा हुआ है। इसके मुताबिक, दो साल पहले यानी 2022 में पूजा खेडकर ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन दिया था लेकिन डॉक्टरों की टीम (मेडिकल बोर्ड) ने उनके दावे को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनके द्वारा बताई गई बीमारी और उनका परीक्षण करने के बाद, आवेदन खारिज किया जाता है।

NDTV की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूजा खेडकर ने अगस्त 2022 में पुणे से विकलांगता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था, लेकिन डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच करने के बाद उनके दावे को खारिज कर दिया था और उनके आवेदन के जवाब में कहा था कि ?यह संभव नहीं है?।

मेडिकल बोर्ड ने पूजा खेडकर के दावे को खारिज करते हुए जो चिट्ठी लिखी थी उसमें कहा गया है कि आपने विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए दिनांक 23/08/2022 को आवेदन दिया था। उसके संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि आप के द्वारा बताई गई बीमारी लोकोमोटर विकलांगता (जो मस्तिष्क पक्षाघात या हड्डियों या मांसपेशियों को प्रभावित कर सकती है और पैरों या बाहों के कार्यकलाप को बाधित कर सकती है) की मेडिकल टीम द्वारा 11/10/2022 को जांच की गई। मेडिकल बोर्ड ने आपके दावे को उचित नहीं माना है। इसलिए आपके पक्ष में विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करना संभव नहीं है।

बता दें कि यह दूसरा मौका था, जब पूजा खेडकर की दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र जारी करने के आवेदन को खारिज किया गया था। इससे पहले उन्होंने अहमदनगर जिले से विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने की कोशिश की थी लेकिन वहां भी वह विफल रही थीं।

इस बीच, पूजा खेडकर के पिता और पूर्व ब्यूरोक्रेट्स दिलीप खेडकर ने रविवार को अपनी बेटी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गैरकानूनी नहीं किया है।

## संक्षेप...

### मुंब्रा में होटल में लगी आग

#### कोई जनहानि नहीं

**मुंब्रा.** खर्डी रोड स्थित एक होटल में अचानक आग लग गई। गनीमत रही इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार यह आगजनी की घटना सोमवार की है। मुंब्रा खर्डी रोड के अल हुदा टावर स्थित गोल्ड प्लेट रेस्टोरेंट में आग लग गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी, टोरेंट पावर व पुलिस कर्मी मौजूद थे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों की सूझबूझ के चलते फायर उपकरण की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# जब तक मैं जिंदा हूं, कोई संविधान नहीं बदल सकता; भरोसा करें : अजित पवार



**पुणे.** पुणे के बारामती में एनसीपी कार्यकर्ताओं से महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि विरोधियों की ओर से फैलाई जा रहीं संविधान बदलने की बात केवल अफवाह है। वह इस पर ध्यान न दें। बस मुझ पर भरोसा करें। समाज के हर वर्ग के उत्थान का काम किया जाएगा।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं तब तक कोई संविधान बदलने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार गरीब, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है। पिछले महीने प्रस्तुत हुए बजट में इसकी झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी गरीबी उन्मूलन और विकास के लिए काम कर रही है। जबकि विरोधी फर्जी बातें फैला रहे हैं। समर्थक हम पर भरोसा करें।

डिप्टी सीएम बोले कि राज्य में फर्जी प्रचार किया जा रहा है कि दूध पाउडर और प्याज का आयात किया जा रहा है। इस पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा कि मैनें हाल ही में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से चीनी की एमएसपी बढ़ाने के लिए कहा है। एनसीपी और भाजपा-शिवसेना की महायुति यह तय कर रही है कि राज्य में किसी जाति-धर्म के व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि वे अक्तूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव तक राज्य का दौरा करेंगे।

### मराठा-ओबीसी आरक्षण मुद्दे का हल निकालें

एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र में चल रहे मराठा-ओबीसी आरक्षण विवाद को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को कदम उठाना चाहिए। राज्य में मराठों और ओबीसी के बीच जातिगत बंटवारा नजर आ रहा है। मराठा आरक्षण को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक को लेकर उन्होंने दावा किया कि नौ जुलाई को सीएम शिंदे की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शाम को एक फोन आया और विपक्षी नेताओं ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। बता दें कि पिछले महीने ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हेक और नवनाथ वाघमारे ने मराठाओं को ओबीसी आरक्षण की अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की थी।

# शरद पवार से मिलने पहुंचे छगन भुजबल



### ■ विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माया

**मुंबई.** महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इसी बीच अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल शरद पवार से मिलने उनके घर पहुंचे हैं। शरद पवार और छगन भुजबल की मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

महाराष्ट्र मेंआरक्षण के मुद्दे को लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है। दूसरी ओर, यह देखा जा सकता है कि छगन भुजबल महागठबंधन में नाखुश हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि छगन भुजबल इन्हीं दोनों मुद्दों पर चर्चा के लिए शरद पवार से मिलने पहुंचे हैं, लेकिन इस दौरे की वजह अभी तक सामने नहीं आई है।

### छगन भुजबल ऐसा कोई फैसला नहीं लेंगे जिससे गठबंधन को झटका लगे- बीजेपी नेता

भाजपा नेता चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अभी कई सामाजिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इसलिए विकासात्मक और सामाजिक चर्चाएं होती हैं। राज्य में जहां कोई राजनीति चल रही हो, वहां कभी-कभी विपक्षी दल या सत्ताधारी दल मिलते हैं। इसलिए इस मुलाकात के बाद वह बताएंगे कि भुजबल और पवार के बीच मुलाकात किस बात को लेकर है। बावनकुले ने कहा कि छगन भुजबल महायुति के बेहद अहम नेता हैं। मैं उनकी राजनीतिक यात्रा को जानता हूं, इसलिए मुझे यकीन है कि वह ऐसा कोई फैसला नहीं लेंगे, जिससे महागठबंधन को झटका लगे। इसके विपरीत, वे हमेशा यह जानने की कोशिश करते हैं कि ग्रैंड अलायंस कैसे एकजुट रह सकता है। मैं शरद पवार से भी कई बार मिल चुका हूं।

# रिंगरुट के तीसरे चरण को मिलेगी गति

## एमएमआरडीए और केडीएमसी के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कल्याण.** रविवार को एमएमआरडीए और केडीएमसी के अधिकारियों ने रिंग रुट फेज़-3 के कार्य का निरीक्षण किया। यह कार्य 12 जुलाई से शुरू कर दिया गया है। रिंग रुट के तीसरे चरण में कचोरे से कांचन गांव तक निरीक्षण किया गया, जिसमें एमएमआरडीए अधिकारियों के साथ केडीएमसी के भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वसन विभाग के उपायुक्त रमेश मिसाल और सहायक आयुक्त भारत पवार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस परियोजना की पूरी जानकारी ली। उपायुक्त रमेश मिसाल ने कहा कि एमएमआरडीए को पाइलिंग, बेरिकेटिंग और जिओ टैगिंग करने में कोई अड़चन न आए इसलिए संयुक्त सर्वेक्षण किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एमएमआरडीए द्वारा उक्त परिसर में जिओ टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन और पेड़ों के सर्वेक्षण का काम जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे रिंग रुट के तीसरे चरण के कार्य को गति मिलेगी। इस सड़क के पूरा होने के बाद नागरिक बहुत कम समय में कल्याण के पत्रीपुल से मानकोली ब्रीज होकर ठाणे पहुंच जाएंगे। साथ ही कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी।



# कचोरेगांव में चट्टान खिसकी

### ■ केडीएमसी ने 40 परिवारों को जारी किया नोटिस



**कल्याण.** कल्याण पूर्व में कचोरेगांव की पहाड़ी पर चट्टान खिसकने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बारिश के कारण सोमवार को पहाड़ी से चट्टान खिसक गया, जिसमें एक विशाल पत्थर नीचे आकर गिरा। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। समय रहते 'जे' वार्ड की सहायक आयुक्त सविता हिले घटनास्थल पर पहुंचकर एहतियात के रूप में 40 परिवारों को पहाड़ी से हटने का नोटिस जारी किया, और सभी को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी। बताया जाता है कि प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है, और पहाड़ी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों को भी सतर्क रहने और आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# सांसद म्हात्रे ने किया कल्याण स्टेशन का निरीक्षण

### यात्रियों को हो रही असुविधाओं का लिया जायज़ा



**कल्याण.** भिवंडी लोकसभा के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने सोमवार को कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कल्याण रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों को होने वाली असुविधाओं का जायजा लिया। स्टेशन परिसर की स्वच्छता, प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए स्वच्छता गृह, वेटिंग रूम की व्यवस्था, पादचारी पुल पर पंखे, स्काईवॉक पर अवैध फेरीवालों का कब्ज़ा तथा स्टेशन परिसर में जारी वेश्यावृत्ति आदि मुद्दों को लेकर रेलवे के अधिकारियों से तीखा सवाल किया। रेलवे के अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। अधिकारियों की बोलती बंद हो गई। बतादें कि कुछ महीने पहले रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टिकट घर के पास पुरानी स्वच्छता गृह को तोड़कर वहां महिलाओं के लिए सैलून बना दिया है, जिसे लेकर सांसद बाल्या मामा म्हात्रे ने अधिकारियों से सवाल करते हुए कहा कि रेल प्रशासन किस चीज का आधुनिकरण कर रहा है। प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए प्रशाधन गृह से ज्यादा जरूरी सैलून नहीं है। अधिकारियों से चर्चा के दौरान सांसद सुरेश म्हात्रे ने कहा कि स्काईवॉक पर चल रहे अवैध धंधों को फौरन बंद कर देना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सांसद सुरेश म्हात्रे के साथ शिवसेना उद्धव के शहर प्रमुख सचिन बासरे, विधानसभा सह संगठक रूपेश भोईर एवं कल्याण के स्टेशन अधीक्षक रामकरण मीणा सहित जीआरपी और आरपीएफ के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

# मरीजों को आवश्यक वस्तुओं का वितरण



**ठाणे.** विधायक संजय केलकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल के डिलवरी वार्ड में 100 नवजात शिशुओं के लिए किट और महिलाओं के लिए मेथी का लड्डू वितरण किया गया।विधायक केलकर ने कहा कि इस तरह से जन्मदिन मनाने में खुशी होती है।असहाय और गरीब महिलाओं को जरूरतमंद सामान मिल जाता है।साथ ही उन्होंने ने अस्पताल के अन्य वार्ड में भी जाकर मरीजों का हाल चाल लेकर उनके परिजनों से बातचीत किया। भाजपा व्यापारी सेल के अध्यक्ष मितेश शाह ने बताया कि पिछले दो साल से विधायक संजय केलकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों के लिए आवश्यक वस्तुओं वितरण उनके हाथों से किया जाता है।इस अवसर पर पूर्व उपमहापौर अशोक भोईर, जिला हाउसिंग फेडरेशन के अध्यक्ष सीताराम राणे,किशोर सोनगाड़ा,लक्ष्मीकांत यादव,राजेश गाड़े, डॉक्टर योगेश शर्मा,अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अनिरुद्ध मालगावकर आदि उपस्थित थे।

# ठाणे युवक कांग्रेस ने अस्पताल के सामने किया आंदोलन

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कलवा परिसर में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल किसी न किसी घटना को लेकर सुर्खियों में रहता है।पिछले साल भी अस्पताल में 17 से 18 लोग अस्पताल में उपचार के दौरान मरने के कारण हड़कंप मच गया था।वहीं अस्पताल में महीने भर में 21 नवजात शिशुओं का उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।इस विषय को लेकर आज अस्पताल के सामने ठाणे युवक कांग्रेस के अध्यक्ष आशीष गिरी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ में अस्पताल प्रशासन व राज्य सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए।युवक अध्यक्ष गिरी ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी व राजनेताओं के कमीशन के कारण आये दिन सामान्य लोगों की मौत हो रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कहते हैं मैं सामान्य जनता का मुख्यमंत्री हु।अस्पताल में कार्यरत संबंधित डॉक्टर व अधिकारियों पर कार्रवाई नही हुआ तो अगला आंदोलन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर पर होगा।प्रदेश युवक सचिव तेजस घोलप ने कहा कि विधान परिषद के चुनाव में मुख्यमंत्री ने विधायकों को 5 स्टार होटल में रहने के लिए व्यवस्था की उसी तरह से सामान्य जनता का ध्यान उनको रखना चाहिए।अस्पताल में उपचार के लिए वार्ड नं 6 में भर्ती मरीज के परिजन ने भी अस्पताल के पर आरोप लगाया।अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अनिरुद्ध मालगावकर ने नवजात शिशुओं के मृत्यु पर बताया कि जून में 512 डिलवरी हुआ था जिसमें 294 डिलवरी ऑपरेशन से हुआ था जिसमें कुछ की हालत गंभीर थी।अस्पताल का एनआईसीयू पूरी तरह से सक्षम है सभी यंत्रणा उपलब्ध है।90 नवजात शिशुओं का उपचार चल रहा था जिसमें 21 की मौत हुई है।उन्होंने बताया कि मृत्यु का कारण 2से 3 किलों नवजात शिशु का वजन रहना चाहिए लेकिन मरने वाले शिशुओं के वजन एक से डेढ़ किलों था जो अधिक सीरियस थे।मरीजों के लिए दवा अस्पताल में उपलब्ध है।अस्पताल के ओपीडी में रोजाना ढाई हजार मरीजों का चेकप किया जाता है।इस आंदोलन में ठाणे विधानसभा अध्यक्ष लोकेश घोलप,जिला सचिव दीपक पाठक,जितेन गिरी,शेट्टी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल थे।



# सकल मराठा समाज ने किया पौधरोपण

**ठाणे.** पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए हर एक व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। ऐसे विचार सकल मराठा समाज की तरफ से आयोजित वृक्षारोपण के दौरान घनसोली विभाग के सहायक आयुक्त तायडे ने व्यक्त किया। घनसोली स्थित साईबाबा मंदिर के पास सड़क के किनारे यह पौधरोपण किया गया। इसके बाद प्लास्टिक मुफ्त पर्यावरण एवं वृक्षारोपण के सबंर्धन को लेकर उपस्थित लोगों ने सपथ ली। इस पौधारोपण के अवसर पर गार्डन विभाग के अधिकारी रोहेकर , नवी मुंबई मराठा संघटक, जेष्ठ नागरिक, महिला, युवक आदि की मदद से वृक्षारोपण किया गया।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

# जहीर इकबाल संग अंबानी फंक्शन में पहुंची सोनाक्षी



बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा ने हाल ही में अपनी बेटी का हाथ बॉलीवुड एक्टर जहीर इकबाल के हाथों में सौंपा है. शादी के बाद से दोनों लगातार सुर्खियों में हैं. हाल ही में बॉलीवुड के 'शॉटगन' अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपनी पत्नी पूनम सिन्हा और दोनों बेटों यानी लव और कुश के साथ पहुंचे. हालांकि, इस शाही शादी में सोनाक्षी नजर नहीं आईं, जिसको लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने खूब बातें बनाईं. लेकिन क्या आप जानते हैं सोनाक्षी अंबानी परिवार के जश्न में शामिल हुई थीं और उनके साथ उनके पति जहीर इकबाल भी थे.

सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ अंबानी परिवार के इस जश्न में शामिल हुई थीं. जहीर से शादी के बाद पहली बार वह किसी पार्टी में नजर आईं. मांग में सुर्ख लाल सिंदूर, माथे पर लाल बिंदी और अनारकली में शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी इठलाती हुई नजर आईं. इस राज से पर्दाफाश खुद 'दंबग' एक्ट्रेस ने किया. सोनाक्षी सिन्हा, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में नहीं बल्कि 'शुभ आशीर्वाद' सेरेमनी में पहुंची थीं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को इस बात की जानकारी दी.




संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099